सदस्यता का सत्यापन होने तक इन दोनों समूहों को, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अन्य मान्यता प्राप्त सेवा संघों की भांति, संयुक्त परामर्शदाता तंत्र में सदस्यता और अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अब सेवा संघों (एसोसिएशनों) की मान्यता के बारे में संशोधित अनुदेशों और संघों के लिए कार्यविधि को भी जारी कर दिया है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन संघों से सम्बन्धित सभी मामलों के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु इन नियमों को अपनाने के लिए आवश्यक कार्यवाई कर रहा है।

राष्ट्रीय केन्द्रीय विद्यालय अध्यापक संघों को मान्यता

1603. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने राष्ट्रीय केन्द्रीय विद्यालय अध्यापक संघों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विधिसम्मत मान्यता प्रदान की गई है तथा प्रत्येक मामले में मान्यता प्रदान करने की तिथि क्या-क्या है ;

(ख) इस समय उक्त नाम के कितने अध्यापक संघ हैं ;

(ग) इनमें से प्रत्येक को कब-कब मान्यता प्रदान की गई थी; और

(घ) प्रत्येक अध्यापक संघ के मामले में सदस्यों की संख्या तथा पदाधिकारियों के नामों का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय केन्द्रीय विद्यालय अध्यापक संघ जिसे 28 फरवरी, 1986 को विधितः मान्यता प्रदान की गई थी, दो भागों में विभाजित हो गया है और इन दोनों समूहों को इनमें से प्रत्येक की सदस्य संख्या सत्यापित होने तक संयुक्त परामर्श तंत्र (जे. सी. एम.) में सदस्यता और अन्य सुविधाऐं दी गई हैं।

(घ) उनके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार इन संघों के अध्यक्ष और महासचिव के नाम निम्न प्रकार हैं :—

राष्ट्रीय केन्द्रीय विद्यालय अध्यापक संघ (जे.)

1. श्री अजयकुमार, कार्यकारी अध्यक्ष
2. श्री जगत सिंह, महासचिव

राष्ट्रीय केन्द्रीय विद्यालय अध्यापक संघ (एस.)

1. श्री सूखबीर सिंह मलिक, अध्यक्ष
2. श्री बलजीत सिंह मलिक, कार्यवाहक महासचिव

Increase in section size of Kendriya Vidyalayas

1604. SHRI RAGHAVJI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the section size in Kendriya Vidyalayas in general and those of Delhi in particular has grown to more than 60-70 students; and

(b) if so, what steps the Sangathan contemplates to deal with such a situation?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Kendriya Vidyalaya Sangathan has informed that in lower classes of some schools particularly in Delhi, enrolment of students has been higher than the normal class strength.

(b) Additional Sections are opened depending upon the availability of infrastructural facilities. Besides, Kendriya Vidyalaya Sangathan has introduced second shift system in some schools.